पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-3 वृहस्पतिवार, दिनांक-24 फरवरी, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 06 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 07 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री अख्तरूल ईमान (ii) श्री जनक सिंह

(iii) प्रो० चन्द्रशेखर (iv) श्री सबा जफर

माननीय सदस्य श्री जनक सिंह की सूचना पर माननीय मंत्री श्री पी०के० शाही ने सरकार द्वारा कृत कार्रवाई से सदन को अवगत कराया तथा माननीय मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से न्यायसंगत कार्रवाई का आश्वासन दिया गया ।

माननीय सदस्य प्रो० चन्द्रशेखर की सूचना पर माननीय मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से इसपर कल वक्तव्य दिए जाने की घोषणा की गई ।

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) सर्वश्री संजय सरावगी, इजहार अहमद, एवं अन्य पाँच सभासदों की राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री श्री रमई राम द्वारा दिनांक 10.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(ii) सर्वश्री अख्तरूल ईमान, सदानन्द सिंह एवं अन्य ग्यारह सभासदों की आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अख्तरूल ईमान द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.20 बजे अप० तक ।

(4) महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद :-

(दिनांक 23.02.2011 से जारी)

अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद के प्रस्ताव एवं प्रस्तुत संशोधनों पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया :-

(i) श्री अवधेश कुमार राय
(ii) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(iii) श्री नौशाद आलम
(iv) श्री राजेश्वर राज
(v) श्री पवन कुमार जयसवाल
(vi) श्री विजय कुमार सिन्हा
(vii) श्रीमती ज्योति रश्मि
(viii) श्रीमती उषा सिन्हा
(ix) श्री सम्राट चौधरी

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्री विनोद कुमार यादव

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री प्रेम रंजन पटेल

वाद विवाद प्रारम्भ होने के पूर्व माननीय मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव के प्रस्ताव पर सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार सरकार के उत्तर होने तक बढ़ाया गया ।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सरकार की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्तावों पर हुए वाद-विवाद का उत्तर दिया ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय एवं माननीय सदस्य श्री जाकिर हुसैन खान का संशोधन प्रस्ताव बारी-बारी से सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा धन्यवाद का मूल प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(5) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 11 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 25.02.2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गई ।

पटना
दिनांक-24.02.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।